वारदात

आरोपी मारता रहा चाकू, तड़पती मुस्कान की आखिरी चीखें... भैया बचा लो, सहकर्मी ने फेर लिया था मुंह

# सनकी कातिल मर्डर के बाद तवे पर सेंकता रहा रोटियां

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई खौफनाक वारदात**



**जबलपु।** बचा लो भैया... प्लीज बचा लो! ये एक लाचार और बेबस मुस्कान की वो आखिरी चीखें थीं, जो गोहलपुर थाना अंतर्गत कृषि उपज मंडी गेट के सामने स्थित महफिल बार के किचन की दीवारों से टकराकर दम तोड़ गईं। 20 साल की जिस युवती ने अपने परिवार का सहारा बनने के लिए घर से कदम बाहर निकाला था उसे क्या पता था कि उसके साथ काम करने वाला कुक ही जल्लाद बन जाएगा। इस खौफनाक हत्याकांड का सोमवार को सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।

इस पूरी वारदात में रूह को कंपा देने वाला मंजर तब सामने आया, जब आरोपी युवती पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर रहा था। उस वक्त महज दो कदम की दूरी पर एक और कर्मचारी खड़ा था। लहूलुहान हालत में दर्द से कराहती हुई मुस्कान उसे भैया कहकर पुकारती रही, अपनी जिंदगी की भीख मांगती रही। चीखती चिल्लाती, गिड़गिड़ाती रही लेकिन अफसोस, उस सहकर्मी ने हिम्मत नहीं दिखाई कि वह कातिल को रोक सके। युवती की चीखें भी उसके सोए हुए जमीन को जगा नहीं सकीं। कातिल का हाथ पकड़ने की हिम्मत दिखाना तो दूर, उसने उसे तड़पते समय बेरुखी से अपना मुंह फेर लिया और चुपचाप वहां से निकल गया। हैवानियत की सारी हदें तो तब पार हो गईं, जब मुस्कान को मौत की नींद सुलाने के बाद आरोपी के चेहरे पर न तो कोई पछतावा था, न डर और न ही कोई शिकन। जिस जमीन पर कुछ लम्हे पहले खून बहा था, चीखे गूंज रही थी वहीं पास में खड़े होकर सनकी कातिल चूल्हे पर रोटियां सेक रहा था। कैमरे में कैद उसकी यह भयानक मानसिक क्रूरता रोंगटे खड़े कर देने वाली रही। ऐसा लगा मानो उसके लिए किसी की जान की कोई कीमत ही नहीं थी। जब तक बार का बाकी स्टाफ किचन में पहुंचा, तब तक युवती की सांसें टूट चुकी थीं। पुलिस ने आरोपी कुक पवन बर्मन को भले ही गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है लेकिन पुलिस की यह कार्रवाई उस परिवार की खुशियां दोबारा नहीं लौटा सकती है जो हंसते-खेलते परिवार ने खो दी है।

### कहीं सुरक्षित नहीं बेटियां

महिलाओं, बेटियों की सुरक्षा को लेकर भले ही लाख दावे किए जाते रहे हो लेकिन हकीकत में बेटियां कहीं भी सुरक्षित नहीं है। इस खौफनाक वारदात ने एक बार फिर गवाही दे डाली है कि चाहे घर हो या कार्यस्थल या फिर सड़क बेटियां कहीं सुरक्षित नहीं है।

### हंसी-मजाक में छींटाकशी पर हुई थी हत्या

विदित हो कि उड़ना पौड़ी पाटन निवासी मुस्कान चौधरी 20 वर्ष की कृषि उपज मंडी गेट के सामने स्थित महफिल बार में लगभग डेढ़ माह से काम करती थी। प्रतिदिन सुबह लगभग 10 बजे महफिल बार में काम करने बस से जाती थी और शाम लगभग 7-30 बजे बस से वापस आती थी 14 अगस्त की शाम लगभग 7 बजे मुस्कान के साथ में काम करने वाले पवन बर्मन 27 वर्ष निवासी आईटीआाई माढोताल के बीच हंसी मजाक के दौरान छींटाकशी करने की बात पर विवाद हुआ था। जिसकी शिकायत उसने मैनेजर से कर दी थी। इसके बाद पवन ने किचन में रखे चाकू से मुस्कान पर कई वार किए और उसकी हत्या कर दी थी। हत्या के विरोध में शनिवार को दीनदयाल चौक में मृतिका का शव रखकर प्रदर्शन भी हुआ था। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच दूसरे थाने की पुलिस से कराने और आरोपी और बार संचालक पर कार्रवाई समेत पीड़ित परिवार को मुआवजे की मांग की थी। सोमवार को इस हत्याकांड का खौफनाक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।

# शवगृह निर्माण को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज

**हाईकोर्ट ने दखल से किया इंकार**



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने वह जनहित याचिका खारिज कर दी है, जिसमें मैहर जिले के अमरपाटन में नये शवगृह बनाये जाने को चुनौती दी गई थी। एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने सुनवाई पश्चात् कहा कि अदालत किसी विशेषज्ञ संस्था की तरह वार्ड नंबर 7 के अलावा किसी दूसरी जगह पर मुर्दाघर बनाने की जगह तय नहीं कर सकती। मुर्दाघर बनाने का फ़ैसला स्वास्थ्य विभाग के साथ सलाह-मशविरा करके नगर परिषद को करना है। जिसमें न्यायालय दखल नहीं दे सकती। युगलपीठ ने उक्त मत के साथ दायर याचिका खारिज कर दी।

यह जनहित याचिका मैहर अमरपाटन निवासी धर्मेन्द्र बंसल की ओर से दायर की गई थी। जिसमें नगर पालिका परिषद द्वारा शवगृह निर्माण के लिये 16 जनवरी 2025 को जारी टेंडर को चुनौती दी गई थी। आवेदक की ओर से कहा गया था कि उनकी ओर से वार्ड नंबर 5 में स्थित पुराने शवगृह को हटाने के लिए कई बार शिकायत की गई, क्योंकि उक्त क्षेत्र एक रिहायशी इलाका है और वहाँ स्कूल और मंदिर भी हैं। याचिकाकर्ता के अनुसारए शवगृह सरकारी अस्पताल के बगल में या उसी परिसर में बनाया जाना चाहिए।

वहीं मामले में शासन की ओर से कहा गया कि कभी-कभी मुर्दाघर में अलग-अलग मृत लोगों के शव लाए जाते हैं और अस्पताल में मरीजों को संक्रमण से बचाने के लिए मुर्दाघर को किसी दूर की जगह पर बनाना बेहतर होता है। इतना ही नहीं वार्ड नंबर 7 में पहले से ही एक मुर्दाघर है और अब इसके नवीनीकरण या पुनर्निर्माण के लिए टेंडर जारी किया गया है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त मत के साथ दायर याचिका खारिज कर दी।

### क्राइस्ट चर्च स्कूल के 4 शिक्षकों को सुको से राहत

सुप्रीम कोर्ट ने जबलपुर के क्राइस्ट चर्च स्कूल के चार शिक्षकों के खिलाफ निचली अदालत में चल रहे आपराधिक ट्रायल पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। शिक्षकों पर कथित रूप से फर्जी आईएसबीएन वाली किताबें बेचने और अवैध रूप से स्कूल फीस बढ़ाने के षड्यंत्र में शामिल होने का आरोप लगाकर मामला दर्ज किया गया था। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस महादेवन की डिवीजन बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए यह स्थगन आदेश पारित किया। प्रकरण की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता शिक्षकों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक कृष्ण तन्खा, वरुण तन्खा और हर्षित बारी ने पैरवी की। अधिवक्ताओं ने अदालत को अवगत कराया कि क्राइस्ट चर्च स्कूल के शिक्षक अतुल, अनुपम, अब्राहम और एकता पीटर के खिलाफ वर्ष 2024 से फर्जी आईएसबीएन वाली किताबें चलाने और फीस बढ़ाने की साजिश रचने का आपराधिक प्रकरण चलाया जा रहा है।

# पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रूद्राभिषेक महोत्सव पूजन





**नवभारत, जबलपुर।** पवित्र सावन मास के अवसर पर भगवान शिव की आराधना के पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महोत्सव का आयोजन राजपूत क्षत्रिय समाज महिला मंडल के तत्वााधान में श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम प्रधान पुरोहित पं. संजय मिश्रा के सानिध्य में संपन्न हुआ। सुबह से ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण हुआ। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान भोलेनाथ का विधिवत रुद्राभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया गया। शाम के समय गाजे-बाजे और भक्ति संगीत के साथ शोभायात्रा निकालकर पार्थिव शिवलिंगों का मां नर्मदा घाट तिलवारा में विधिवत विसर्जन किया गया। इस आयोजन में समाज के पदम सिंह ठाकुर, सुशील सिंह, विष्णु राजपूत, रतन सिंह और रूकमणी सिंह सहित बड़ी संख्या श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### डॉ. मधुर वर्मा बने मुख्य जनसंपर्क अधिकारी

**नवभारत,जबलपुर।** पमरे जबलपुर मंडल के वाणिज्य विभाग में पदस्थापना के बाद डॉ. मधुर वर्मा के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पश्चिम मध्य रेलवे के पद पर पदभार ग्रहण करने पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। रेलवे के सक्षम प्राधिकारी के आदेश के अनुसार डॉ. वर्मा को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, जबलपुर के पद से स्थानांतरित कर मुख्यालय में मुख्य जनसंपर्क अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# 700 की साड़ी के चक्कर में रेलवे टीसी की पत्नी से 97,400 की ठगी

**जबलपुर।** इंस्टाग्राम पर साड़ी का विज्ञापन देखकर ऑनलाइन शॉपिंग करना रेलवे टीसी की पत्नी को भारी पड़ गया। जालसाज ने 700 का रिफंड दिलाने के नाम पर महिला से कुल 97,400 ठग लिए।

जानाकारी अनुसार समीक्षा टाउन निवासी दीप्ति सिसोदिया (32) के पति रेलवे में टीसी हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर विज्ञापन देखकर फेसबुक इंडिया ऑनलाइन प्राइवेट लिमिटेड लिंक के जरिए 700 में दो साड़ियां ऑर्डर की थीं। अगले दिन व्हाट्सएप पर कॉल कर ठग ने 800 डिलीवरी चार्ज मांगा। महिला ने चार्ज देने से मना कर ऑर्डर कैंसिल और रिफंड करने को कहा। इसके बाद ठगों ने 700 का रिफंड वापस करने का झांसा देकर अलग-अलग क्यूआर कोड पर कुल 11 बार में महिला से 97,400 ट्रांसफर करवा लिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़िता ने थाने में शिकायत की। सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एपीके फाइल डाउनलोड होते ही खाते से उड़े 98 हजार

अधारताल थाना अंतर्गत संजय नगर भड़पुरा निवासी युवक को एपीके फाइल डाउनलोड करना महंगा पड़ गया। ठग ने खाते से 98 हजार रूपए निकाल लिए। पुलिस के मुताबिक दुर्गेश रजक 30 वर्ष निवासी संजय नगर भड़पुरा अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर लगभग 2 बजे उसके व्हाटसएप पर भारतीय राजीव बैंक से एक एपीके फाईल आयी, उसने फाईल खोलकर डाउनलोड किया। 5 मिनिट बाद फाईल को मोबाइल से डिलीट कर दिया दोपहर 2-38 बजे उसके मोबाइल पर अपडेट करने के लिये मैसेज आने पर ओके कर दिया जिससे मोबाइल अपडेट होने लगा खाते से कुल 98 हजार रूपये निकाल लिए गए।

### दुकान संचालक के खाते से उड़े हजारों

कोतवाली थाना अंतर्गत निवाड़गंज निवासी राहुल जैन की कपड़े की दुकान है उसके मोबाइल में यूपीआई से उसके खाता में आईडीबीआई बैंक राइट टाउन ब्रांच के माध्यम से किसी अज्ञात व्यक्ति हीरालाल यादव से उसके खाते में 31 हजार रूपये आये और खाते में 2 हजार रूपये पहले से थे फिर 7 मिनिट बाद 33 हजार रूपये उसके बैंक अकाउण्ट से आटोमेटिक ट्रांसफर हो गये।

### एक नजर में

### खेल रत्न अलंकरण समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक

**नवभारत, जबलपुर।** महाकोशल क्रीड़ा परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें राष्ट्रीय खेल दिवस पर होने वाले 26वें महाकोशल खेल रत्न अलंकरण समारोह की तैयारियों की रूपरेखा बनाई गई। इस बैठक में आकांक्षा ठाकुर, गुरदीप बाजवा, गौरव केसरवानी, प्रज्ञान मिश्रा, देवेश गुप्ता, अभय भाटी, सुखप्रीत सिंह बक्शी, अभिषेक सिंह जाटव, ओबेद रज़ा, अंशीवर्धन नायडू और पवन पटेल को परिषद की कार्यकारिणी में बतौर सदस्य शामिल किया गया। इसके साथ ही खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहीं संस्थाओं को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। इन संस्थाओं में सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव, बुधे गोंड अखाड़ा पनागर, कौन्तेये पैंथर्स रंगभूमि, हॉकी फीडर सेंटर रानीताल और जबलपुर जिला पेंचकट सिलाट एसोसिएशन शामिल हैं। इस अवसर पर एडवोकेट अशोक गुप्ता, डॉ. प्रशांत मिश्रा, अभिनव जैन, रवि पटेल, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, आरिफ बेग, हेमंत नायडू, आलोक असाटी, रोजेश राजपूत और आशीष तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### हितकारिणी शाला गोविंदगंज में उत्साह के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**नवभारत, जबलपुर।** हितकारिणी शाला गोविंदगंज में स्वतंत्रता दिवस बेहद उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान हितकारिणी सभा के उपसभापति अशोक गुप्ता और शासी निकाय के वरिष्ठ सदस्य दीपक राठौड़ ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद एनसीसी कैडेट्स तथा विद्यार्थियों द्वारा तिरंगे को सलामी दी गई, प्राचार्या ज्योत्सना दीक्षित एवं वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों पर आधारित नृत्य और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर अशोक गुप्ता ने अपने संबोधन में छात्रों को स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों की याद दिलाई।

# जन्माष्टमी शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



**नवभारत, जबलपुर।** रसल चौक में आगामी जन्माष्टमी पर्व पर निकलने वाली विशाल शोभा यात्रा की तैयारियों के संदर्भ में बैठक आयोजित हुई। पिछले 50 वर्षों से निरंतर जबलपुर यादव महासभा के नेतृत्व में निकलने वाले इस जुलूस में अनेकों प्रकार की झांकियां, अखाड़े एवं ग्वालटोली सहित विभिन्न प्रस्तुतियां पेश की जाती हैं, जिसमें पूरा जबलपुर शहर एवं ग्रामीण स्वजातीय बंधु बढ़-चढ़कर योगदान देते हैं। इस बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा मध्य प्रदेश के उपाध्यक्ष नारायण प्रसाद यादव ने की, जिसमें जन्माष्टमी की तैयारियों को लेकर अनेक वक्ताओं ने खुलकर अपने विचार व्यक्त किए तथा अपने सुझाव साझा किए। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं जबलपुर ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव तथा जबलपुर संस्कार कावड़ यात्रा के संस्थापक शिव यादव सहित उपस्थित अन्य वक्ताओं ने इस बात को रेखांकित किया कि समाज की प्राचीन परंपरा को भव्य रूप में बनाए रखने के लिए सभी का एकजुट होना आवश्यक है। सभी उपस्थित जनों ने प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्रीकृष्ण की शोभायात्रा भव्य रूप से निकालने का संकल्प लिया, जिसकी बेहतर व्यवस्था के लिए बैठक में अलग-अलग कमेटियों का निर्माण भी किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी रब्बू पहलवान, संभागीय अध्यक्ष विजय यादव, जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव बड्डा, ग्रामीण अध्यक्ष मनोज यादव, शहर अध्यक्ष नरेश यादव और प्रदेश सचिव संजय यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# घर से भागा बालक मदनमहल पहुंचा जीआरपी ने परिजनों को सौंपा



**जबलपुर।** मदनमहल रेलवे स्टेशन पर स्टेशन चेकिंग के दौरान जीआरपी को प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर एक 14 वर्षीय बालक डरा-सहमा बैठा मिला। पूछताछ में बालक ने अपना नाम नकुल झारिया, निवासी खैरे सिकत, थाना लखनादौन, सिवनी बताया, लेकिन उसे परिजनों का मोबाइल नंबर याद नहीं था। जीआरपी ने बालक को चौकी लाकर सुरक्षित रखा और थाना लखनादौन के माध्यम से उसके परिजनों को सूचना दी। पूछताछ में पता चला कि नकुल 16 अगस्त की सुबह घरवालों से नाराज होकर घर से निकल गया था और परिजन दिनभर उसकी तलाश कर रहे थे।

सूचना मिलने पर 17 अगस्त को बालक की मां सुषमा झारिया अन्य परिजनों के साथ जीआरपी चौकी मदनमहल पहुंचीं। आवश्यक पहचान एवं औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नकुल को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने जीआरपी का आभार जताते हुए कहा कि पुलिस की तत्परता से उनका बेटा सुरक्षित मिल गया, अन्यथा उसके साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती थी। यह कार्रवाई ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर सुंदर सिंह कनेश के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जीआरपी मदनमहल द्वारा की गई।

# हरिनाम संकीर्तन से गूंजी सनातन संस्कृति



**नवभारत, जबलपुर।** चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल द्वारा श्रावण महोत्सव के 20वें दिन गौतम के श्याम नगर निवास पर हरिनाम संकीर्तन संपन्न हुआ। संकीर्तनाचार्य पं.मनमोहन दुबे के सानिध्य में सुबह मंगलाचरण एवं गुरु वंदना के साथ इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संयोजक देवेंद्र नेमा ने बताया कि संस्कारधानी जबलपुर में घर-घर और विभिन्न स्थानों पर सनातन संस्कृति की प्राचीन परंपरा एवं विरासत को अपनाते हुए श्रावण मास की अमृत बेला में हरिनाम संकीर्तन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य इस गौरवशाली परंपरा को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज में भक्ति एवं संस्कारों की भावना को मजबूत करना है। इसी श्रृंखला की अगली कड़ी में आज 18 अगस्त को रामजी सोनी के ग्रीन सिटी स्थित निवास पर संकीर्तन आयोजित है। इस धार्मिक अनुष्ठान में सुनीता राकेश पांडे, दिनेश त्रिपाठी, डॉ.संदीप नेमा, सुजीत चौरसिया और देवेंद्र नेमा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### बैंक कर्मचारी के सूने फ्लैट में चोरी

**जबलपुर।** ग्वारीघाट थाना अंतर्गत वैशाली हाइट्स में एक बैंक कर्मचारी के सूने फ्लैट से अज्ञात चोर ने 90 हजार रुपये नगद पार कर दिए। पुलिस ने बताया कि वैशाली हाइट्स निवासी मंशा वर्मा एचडीएफसी बैंक में कार्यरत हैं। 16 अगस्त की सुबह 10 बजे फ्लैट पर ताला लगाकर प्लॉट देखने तिलवारा गई थीं। शाम करीब 7 बजे जब वह अपने साथी ऋषभ गौर के साथ लौटीं, तो बेडरूम में अलमारी के पल्ले खुले मिले। अलमारी में रखी लकड़ी की गुल्लक का ढक्कन खुला था और उसमें रखे 90 हजार रुपये गायब थे। आशंका है कि चोर पीछे बालकनी के रास्ते अंदर घुसा था।

**ई रिक्शा की बैटरी एवं स्टेपनी पार-** अधारताल थाने में जमना अहिरवार निवासी इंद्रानगर सुहागी ने लिखित शिकायत की कि उसने रिक्शा फायनेंस कराया था जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर प्राप्त नहीं हुआ है बीती रात उसका ई रिक्शा उसके घर के सामने खड़ा था रात में अज्ञात आरोपी द्वारा उसके ई रिक्शा की बेटरी एवं स्टेपनी चोरी कर ले गया है।

कार्यक्रम

हनुमान के पूजन के बाद छात्र-छात्राओं व पहलवानों ने कुश्ती कला का किया प्रदर्शन

# नागपंचमी पर एपीएन ग्रुप में हुआ पारंपरिक दंगल



**नवभारत, जबलपुर।** ए.पी.एन. ग्रुप ऑफ एजूकेशनल इन्स्टीट्यूशन्स जबलपुर में 104वां नागपंचमी महोत्सव पारंपरिक दंगल के साथ धूमधाम से मनाया गया। शहर की इस प्राचीनतम एवं ऐतिहासिक संस्था ने 103 वर्ष पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए पहलवानों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक लखन घनघोरिया, विशिष्ट अतिथि नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ठाकुर उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने की। अतिथियों द्वारा पवनसुत हनुमान के पूजन के बाद छात्र-छात्राओं व पहलवानों ने कुश्ती कला का प्रदर्शन किया। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने नागपंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन करने से नई प्रतिभाएं सामने आती हैं जो आगे चलकर शहर का नाम रोशन करती हैं। विद्यालय द्वारा आयोजित कुश्ती स्पर्धा में अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी रंजीत रान ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

### छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम

प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में संदीप गुरूरंग (सी.बी.एस.ई.) व देवेश यादव (स्टेट बोर्ड) तथा जूनियर वर्ग में हर्ष बिरहा (सी.बी.एस.ई.) व राजवीर यादव (स्टेट बोर्ड) विजेता घोषित हुए, जबकि महिला कुश्ती में दीक्षा प्रजापति (महाविद्यालय), श्री चौधरी (सी.बी.एस.ई.) एवं आरूषी यादव (स्टेट बोर्ड) विजयी रहीं। कार्यक्रम में संस्था सदस्य अजीत श्रीवास्तव, सहप्रबंधक मयंक श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सानेल खरे, एम.पी. बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा, सी.बी.एस.ई. बोर्ड प्राचार्य करन खुराना, पार्षद अमरचन्द्र बावरिया, संतोष विनोदिया, पार्षद संजय जैन, नरसिंह पहलवान, गोविंद बावरिया, जमना पहलवान, राकेश यादव पहलवान, कन्हैया पहलवान, विकास मलिक पहलवान और रवि पहलवान उपस्थित रहे। इस दौरान खेल प्रभारी सिद्दिका उस्मानी, ममता सरोटिया, दिलीप कोरी, गौरव गुप्ता, रितेश श्रीवास्तव, कीर्ति शर्मा, अखिलेश उपाध्याय एवं गौरांग गौतम सहित समस्त स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा तथा मंच संचालन व आभार प्रदर्शन प्रेरणा पाण्डे द्वारा किया गया।

# राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सचिव ने किया ध्वजारोहण



**नवभारत, जबलपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक त्रिपुरी स्मारक में राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सचिव विवेक अवस्थी ने ध्वजारोहण किया और आजादी के नायकों को नमन करते हुए उनके बलिदानों को याद किया। इस गौरवपूर्ण राष्ट्रीय पर्व की बेला में कार्यक्रम संयोजक अनिल पांडे, सुमन जैन, नेकनारायण पटेल, दिग्विजय सिंह और संजय जैन के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक इस आजादी उत्सव में साक्षी बने और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराते हुए अपनी सहभागिता दर्ज की।

### स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** शान्ति नगर बधइयांपुरा व्यापारी संघ, भारतीय जनता पार्टी कुशाभाऊ ठाकरे मंडल और नामदेव समाज, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में 80वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान संस्थाओ के पदाधिकारियों ने मिलकर ध्वजारोहण किया।

### नव ज्योति नशा मुक्ति केन्द्र में धूमधाम से हुआ ध्वजारोहण

**नवभारत, जबलपुर।** नव ज्योति नशा मुक्ति केन्द्र, ग्वारीघाट में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर रोटरी क्लब जबलपुर साउथ के अध्यक्ष अखिल खण्डेलवाल के मुख्य आतिथ्य में ध्वजारोहण किया गया, जिसके बाद सामूहिक राष्ट्रगान गाकर सभी उपस्थित जनों को राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं दी गईं और साथ ही नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस गरिमामयी कार्यक्रम में हेमंत सोलंकी, नीरज रजक, डॉ. सरकार, श्वेता मिश्रा, रश्मि सोलंकी, राधिका जाटव, अशोक ठाकुर, सतीश गोस्वामी और संतोष बर्मन उपस्थित रहे।